Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 214 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 18 फरवरी 2025



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:04 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:47 बजे



12 साल से अकेले ही जन्मदिन...पेज-3 पर

News कॉर्नर

### चोरों ने इंडस टावर से बैटरी बैंक चुराया

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी के इडंस टावर पर चोरी की घटना सामने आई है, जिसमें एक एक्साइड कंपनी का 600 एएच बैटरी बैंक (24 शैल) चोरी हो गया। घटना 12 फरवरी 2025 को हुई, जब इडंस टावर के साइट टेक्नीशियन सोनू सिंह साइट पर विजिट करने गए थे। सोनू सिंह ने मौके पर जाकर देखा कि रेक का ताला टूटा हुआ था। जब उन्होंने कैबिनेट की जांच की, तो पाया कि एक्साइड कंपनी की बैटरी चोरी हो चुकी थी। सोनू सिंह ने आसपास खोजबीन की, लेकिन किसी भी व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिला। सोनू सिंह और उनके साथियों ने तुरंत मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी। साथ ही पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### तीन दिवसीय 17वीं अर्न्तराष्ट्रीय एग्रीकल्चर साइंस कांग्रेस का अयोजन

**रुद्रपुर।** गोविन्द वल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर में आगामी 20 से 22 फरवरी तक तीन दिवसीय 17वीं अर्न्तराष्ट्रीय एग्रीकल्चर साइंस कॉग्रेंस का अयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया,एसएसपी मणिकान्त मिश्रा ने सोमवार को पंतनगर विश्वविद्यालय में आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी व्यवस्थाऐं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

उत्तराखंड राज्य की रजत जंयती वर्ष पर आयोजित 17वीं अर्न्तराष्ट्रीय एग्रीकल्चर साइंस कॉग्रेंस में देश-विदेश के लगभग 2000 वैज्ञानिकों के साथ प्रगतिशील किशान भी प्रतिभाग करेंगे ।निरीक्षण के दौरान कुलपति पंतनगर विश्वविद्यालय डॉ मनमोहन सिंह चौहान, निदेशक प्रशासन निगरानी बीएस चलाल, एसडीएम मनीष बिष्ट आदि मौजूद थे।

## भाजपा के किया मंडल अध्यक्षों के नामों को अंतिम रूप देना शुरू

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा मंडल अध्यक्षों के नामों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में 6 जिलों की 20 विधानसभा के पर्यवेक्षकों द्वारा तैयार 104 मंडलों के नामों के पैनल पर चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में इस दौरान प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश चुनाव अधिकारी एवं राजपुर विधायक खजान दास और प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी , खिलेंद्र चौधरी उपस्थित रहे।



संगठन पर्व के अंतर्गत आज से प्रारंभ हुई पूर्व निर्धारित यह प्रक्रिया तीन दिन 17,18,19 फरवरी तक चलने वाली है। जिसमें जनपदवार अलग अलग विधानसभा में भेजे गए पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट पर विस्तृत विचार विमर्श किया जा रहा है। इस दौरान प्रदेश नेतृत्व द्वारा सभी पर्यवेक्षकों से उनके द्वारा तैयार मंडल अध्यक्ष दावेदारों के पैनल पर चर्चा की गई।

वहीं संबंधित मंडल और जनपद के सामाजिक क्षेत्रीय और वर्गों के समीकरण पर भी विचार किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि आज पहले दिन पार्टी के जिन सांगठनिक जिलों में मंडल अध्यक्ष के नाम पर चर्चा पूरी हुई, उसमें उत्तरकाशी के गंगोत्री, यमुनोत्री और पुरोला विधानसभा, चमोली जिले की बद्रीनाथ, कर्णप्रयाग, थराली विधानसभा, रुद्रप्रयाग की केदारनाथ और रुद्रप्रयाग विधानसभा, टिहरी की नरेंद्र नगर, टिहरी, प्रताप नगर, देवप्रयाग, धनौल्टी और धनसाली विधानसभा पौड़ी की श्रीनगर, चौबट्टाखाल और पौड़ी विधानसभा, कोटद्वार की लैंसडाउन कोटद्वार और यमकेश्वर विधानसभा शामिल हैं।

कुल मिलाकर आज इन सभी जिलों के 104 मंडलों में अध्यक्ष के नामों पर चर्चा की गई। कहा, संगठन चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम अनुशार 20 फरवरी तक मंडल अध्यक्ष की घोषणा किया जाना निश्चित है। तदुपरांत 20 से 28 फरवरी के मध्य जिला अध्यक्षों के चुनाव प्रक्रिया संपन्न की जाएगी।

रविंद्र नेगी ने मनीष सिसोदिया पर लगाया बड़ा आरोप

## आरोपः दफ्तर से टीवी, एसी कुर्सी, टेबल और पंखा गायब

**नई दिल्ली**
एजेंसी

दिल्ली के पटपड़गंज से भाजपा विधायक रविंद्र सिंह नेगी ने पूर्व विधायक मनीष सिसोदिया पर चोरी का आरोप लगाया है। मौजूदा विधायक ने पटपड़गंज विधायक दफ्तर का वीडियो साझा किया। जिसमें उन्होंने टीवी, एसी, कुर्सी, टेबल और पंखा चोरी का आरोप लगाया है।

पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज से भाजपा विधायक रविंद्र सिंह नेगी (रवि नेगी) ने आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक और उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया पर बड़ा आरोप लगाया है। मौजूदा विधायक ने एमएलए दफ्तर का एक वीडियो साझा किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि मनीष सिसोदिया विधानसभा कैंप कार्यालय से एसी, टीवी, टेबल और कुर्सी चोरी करके ले गए हैं। पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज से भाजपा विधायक रविंद्र सिंह नेगी (रवि नेगी) ने आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक और उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया पर बड़ा आरोप लगाया है। मौजूदा विधायक ने एमएलए दफ्तर का एक वीडियो साझा किया है। जिसमें



उन्होंने कहा है कि मनीष सिसोदिया विधानसभा कैंप कार्यालय से एसी, टीवी, टेबल और कुर्सी चोरी करके ले गए हैं। भाजपा विधायक रविंद्र नेगी ने अपने आधिकारिक एक्स पर वीडियो साझा करते हुए लिखा कि आम आदमी पार्टी से पटपड़गंज के पूर्व विधायक मनीष सिसोदिया ने चुनाव से पहले ही अपना असली चेहरा दिखा दिया था। विधानसभा कैंप कार्यालय से जिसमें एसी, टीवी, टेबल, कुर्सी और पंखे जैसे सामान चुराए गए। विधायक रविंद्र नेगी ने आगे लिखा कि इनकी भ्रष्टाचार की हदें अब भी पार नहीं हुईं। अब ये अपनी असलियत और चोरी छिपाने की राजनीति में माहिर हो गए हैं। हम जनता के हक की रक्षा करेंगे और ऐसे भ्रष्टाचारियों को बेनकाब करेंगे। आगे कहा कि हम इस मामले में मनीष सिसोदिया को कानूनी नोटिस भेजने वाले हैं। दिल्ली में करीब 26 साल बाद भाजपा ने विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की। ऐसे में चुनाव परिणाम आने के बाद भी भाजपा और आम आदमी पार्टी एक दूसरे पर आरोप लगा रही हैं। दिल्ली की पटपड़गंज विधानसभा सीट से भाजपा ने इस बार जीत दर्ज की। रविन्द्र सिंह नेगी ने आम आदमी पार्टी के अवध ओझा को 28072 वोट से हरा दिया। दरअसल, पटपड़गंज विधानसभा सीट दिल्ली की चर्चित विधानसभा सीटों में से एक थी। पिछली बार इस सीट से दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया विधायक थे।

## कार ने अज्ञात वाहन को मारी टक्कर, दो की मौत, एक गंभीर

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

मंगलवार रात करीब 2: 40 बजे बरेली रोड स्थित तीनपानी मंडी के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना तब हुई जब बरेली से हल्द्वानी की ओर जा रही स्विफ्ट कार को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने कार से तीन लोगों को बाहर निकाला। घटना की जानकारी देते हुए कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि एक ट्रक चालक ने पुलिस को सूचना दी कि तीनपानी मंडी के पास एक कार किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई है, जिसमें कुछ लोग फंसे हुए हैं। इस पर रात्रिकालीन ड्यूटी अधिकारी और चौकी मंडी की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की मदद से कार को काटकर तीनों व्यक्तियों को बाहर निकाला गया। घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने संजीव कुमार चौबे पुत्र पूरन चंद्र, निवासी छती उडेरा, बागेश्वर और गौरव जोशी पुत्र भुवन चंद्र जोशी, निवासी विलौना, बागेश्वर को मृत घोषित कर दिया। वहीं, हिमांशु कुमार पुत्र कुंदर प्रसाद, निवासी विलौना सेरा, बागेश्वर गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही दोषी वाहन चालक को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।



## धोखाधड़ी कर प्लाट बेचने का आरोप

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

धोखाधड़ी और ठगी के मामले में एक व्यक्ति ने न्यायालय में याचिका दायर की है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद मामला दर्ज कर लिया है। मंगलपड़ाव ल्द्वानी ननिवासी जसविंदर सिंह ने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी ने हल्द्वानी स्थित ग्राम हरिपुर गांगू में सरोजनी देवी के साथ एक प्लॉट का सौदा तय किया था, लेकिन सरोजनी देवी ने धोखाधड़ी से प्लॉट बेचकर उनका आर्थिक नुकसान किया। उसने बताया कि 14 दिसंबर 2020 को एक पंजीकृत इकरारनामा के तहत उनकी पत्नी ने 5 लाख रुपये में प्लॉट का सौदा किया था। इस सौदे के तहत 4 लाख रुपये की अग्रिम राशि दी गई, जिसमें से 2.5 लाख रुपये चेक द्वारा और 1.5 लाख रुपये नकद दिए गए थे। बकाया 1 लाख रुपये की राशि को 10 जून 2022 तक देने का समझौता हुआ था। लेकिन जब तय तिथि 10 जून 2022 को उसने सरोजनी देवी से संपर्क किया तो वह वहां उपस्थित नहीं थी। बाद में जब उसने जांच की, तो पाया कि सरोजनी देवी ने 30 मार्च 2022 को उक्त प्लॉट को राकेश कुमार नामक व्यक्ति को 7.51 लाख रुपये में बेच दिया और रजिस्ट्री करवाई। यह कार्रवाई जानबूझकर पीड़ित को धोखा देने के उद्देश्य से की गई थी। इसके बाद, सरोजनी देवी ने उसको 18 सितंबर 2023 को एक चेक दिया, जो 4 लाख रुपये का था, लेकिन जब उसने इसे अपनी पत्नी के बैंक खाते में जमा किया, तो वह चेक अकाउण्ट क्लोज के कारण रिटर्न हो गया। पीड़ित ने इस धोखाधड़ी की रिपोर्ट 11 दिसंबर 2023 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी को दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद, पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली है और पुलिस से मामला दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बदरीनाथ में जमीं छह इंच तक ताजी बर्फ, टीम का दौरा हुआ रद्द

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है अगले दो दिन 18-19 फरवरी तक प्रदेश भर में मौसम साफ रहेगा। जबकि 20 फरवरी को कुछ जिलों में मौसम खराब होने के आसार हैं।

दो दिनों तक लगातार हुई बर्फबारी से बदरीनाथ धाम में करीब छह इंच तक ताजी बर्फ जम गई है। जिसे देखते हुए सोमवार को जिलाधिकारी ने आला अधिकारियों के साथ धाम जाने का कार्यक्रम फिलहाल रद्द कर दिया है। धाम में मौसम बदलने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

बदरीनाथ धाम की तीर्थयात्रा चार मई से शुरू हो जाएगी। यात्रा तैयारियों को लेकर अभी तक प्रशासनिक टीम धाम नहीं पहुंची है। धाम में पेयजल,



बिजली, सीवर, सड़क सहित विभिन्न यात्रा तैयारियों के कार्य होने हैं। मार्च माह में मास्टर प्लान के कार्य फिर से शुरू होंगे। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने धाम में यात्रा तैयारियों का जायजा लेने के लिए सोमवार का दिन तय किया था। लेकिन 15 व 16 फरवरी को धाम में हुई बर्फबारी से यहां चारों ओर बर्फ जम गई है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि अब मौसम सामान्य होने के बाद ही बदरीनाथ जाने का कार्यक्रम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यात्रा से संबंधित सभी अधिकारियों को यात्रा से संबंधित योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

बीते दो दिन पहले प्रदेश में हुई बारिश-बर्फबारी के बाद सोमवार को मौसम खुला तो पहाड़ से लेकर मैदान तक ठंड से राहत मिली। चटक धूप खिलने से पारा चढ़ा तो रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य हो गया। जबकि दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक रहने से दोपहर के समय गर्मी का अहसास हुआ। लंबे इंतजार के बाद 15 फरवरी को प्रदेश में बारिश और बर्फबारी हुई थी। इसका असर प्रदेश भर के तापमान पर दो दिन तक देखने को मिला। तीसरे दिन मौसम खुला तो ठंड से राहत मिली। आंकड़ों पर नजर डाले तो दून का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री के साथ 27.3 रहा। जबकि इससे पहले सामानय तापमान में एक से तीन डिग्री तक ही बढ़ोतरी हुई थी।


# बनभूलपुरा में चला गजराज का बुलडोजर

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बनभूलपुरा में नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 100 अतिक्रमण ध्वस्त किए गए। सोमवार को बनभूलपुरा के लाइन नंबर आठ में नगर निगम द्वारा सड़क और नाली के ऊपर किए गए अतिक्रमण को तोड़ा।

इस दौरान नाली के ऊपर बनाई गई लगभग 100 पटलों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। कई दुकानों के सड़क पर निकले टिन की छापों को भी जेसीबी द्वारा तोड़ा गया। यहां मौके पर पहुंच मेयर गजराज बिष्ट ने निरीक्षण कर नगर निगम टीम की हौसला अफजाई की। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने साफ कर दिया की अतिक्रमण किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर भारी पुलिसबल मौजूद रहा। इस बार



महापौर गजराज बिष्ट ने कहा कि शहर के अतिक्रमण से शहर की सफाई व्यवस्था में व्यवधान पड़ता है और मुझे सुरक्षित हल्द्वानी चाहिए,, उन्होंने आम जनमानस से अपील की है सड़को पर किस तरह का कोई अतिक्रमण न करें, ताकि इस तरह की करवाई दुबारा न करनी पड़े,,शहर आपका भी है इसको साफ रखना भी आपका दायित्व बनता है।

## अब चोरगलिया रोड व लाइन नंबर 17 में हटाया अतिक्रमण



**हल्द्वानी।** अतिक्रमण के खिलाफ बनभूलपुरा थाना पुलिस व नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान मंगलवार को भी जारी रहा। सोमवार को शहर के बनभूलपुरा क्षेत्र के लाइन नंबर 8 में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हुई थी। पुलिस प्रशासन ने सड़क पर कब्जाए अतिक्रमण को ढहा दिया था। अब मंगलवार को भी थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल ने चोरगलिया रोड और लाइन 17 में दुकानों के आगे लगी झाप, नालियों के ऊपर पतले बनाकर जिन लोगों ने सड़क पर अतिक्रमण किया था उनके खिलाफ दूसरे दिन भी कड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई अत इस दौरान सड़क और नालियों पर कई अवैध अतिक्रमण को ढहा दिया गया। साथ ही निगम प्रशासन से लोगों को सड़क किनारे अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत भी दी। चेतावनी भी दी गई कि अगर सड़क पर अतिक्रमण किया गया तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस प्रशासन की कार्रवाई देखते हुए लोगों ने अपने हाथ से ही अतिक्रमण को समेटना शुरू कर दिया इस दौरान थाना प्रभारी नीरज भाकुनी ने बनभूलपुरा क्षेत्र में आवेश रूप से चल रहे टेंपो को भी सीज करने की कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन से अधिक बिना परमिट के टेंपो सीज किए। नीरज भाकुनी ने बताया कि ये कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## NEWS / फटाफट

### अखिल भारतीय महिला परिषद की मासिक बैठक

**नैनीताल ।** अखिल भारतीय महिला परिषद की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम परिषद की सक्रिय सदस्य व वर्तमान में नगर पालिका परिषद की नव निर्वाचित पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल का परिषद की ओर से पुष्प गुच्छ भेंटकर व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। बैठक में लगातार दूसरी बार पालिका में सभासद बनी गजाला कमाल का भी परिषद परिवार की ओर से स्वागत किया गया। परिषद की स्टेंडिंग कमेटी की सदस्य मंजू कोटलिया की ओर से आगामी अप्रैल माह में होने वाले परिषद की अर्ध वार्षिक सम्मेलन (जोनल मिटिंग) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी से इस मीटिंग को सफल बनाने की गुजारिश की। बैठक में परिषद के जनवरी माह में चेन्नई में 29 से 31 जनवरी आयोजित वार्षिक सम्मेलन के बारे में उपाध्यक्ष सावित्री सनवाल तथा उप सचिव गीता पांडे ने विस्तार से जानकारी दी गयी। बैठक की अध्यक्षता परिषद की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी व संचालन उप सचिव गीता पांडे ने किया। बैठक में अमिता साह,नीमा पांडे,तारा बोरा, आफरीन व नंदिनी पंत आदि मौजूद रही।

### साहित्य उत्सव में चित्रकार बृजमोहन ने प्रतिभाग किया

**नैनीताल ।** मार्डन यूटोपियन सोसायटी खटीमा द्वारा आयोजित अष्टम सीमांत साहित्य उत्सव में नैनीताल के लोक चित्रकार बृजमोहन जोशी ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत अभिनन्दन व दीप प्रज्ज्वलित कर व सरस्वती वन्दना के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में एक वार्ता विषय एआई और वार्ताकार देवेन्द्र सिंह महरा, नक्षत्र पाण्डे तथा विभिन्न विद्यालयों से उपस्थित विद्यार्थी रहे। द्वितीय सत्र में हमारा समाज विषय अभिलेखों के संरक्षण में साहित्य संवर्धन में कायस्थ समाज की भूमिका में वार्ताकार डॉ. सिद्धेश्वर सिंह, डॉ. प्रवीण कुमार पाण्डे व शरद सक्सेना रहे। इसी सत्र में एक कविता एक जीवनी पाठ दीपा नरियाल एवं रोशनी बिष्ट द्वारा किया गया। तृतीय सत्र हमारी परंपराएं विषय उत्तराखंड के गीत संस्कार एवं लोक गीत में वार्ताकार प्रदीप कुमार उपाध्याय व रंग कर्मी व लोक कलाकार बृजमोहन जोशी व जितेंद्र भट्ट तथा विभिन्न विद्यालयों से उपस्थित विद्यार्थियों के द्वारा राग एवं फ ाग कार्यक्रम के अन्तर्गत मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर संस्था के द्वारा सभी लोक कलाकारों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के सफ लता पूर्वक सम्पन्न होने पर आयोजनों को विशेष रूप से डा. चन्द्र शेखर तिवारी का अहम योगदान रहा।

### एनवाईएस की टीम मुकाबला जीतकर विजयी रही



**नैनीताल।** नगर के डीएसए मैदान में मक्कार स्पोर्ट्स ग्रुप की ओर से आयोजित विकास जोशी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत सोमवार को फाइनल मुकाबला एनवाईएस और न्यू चैलेंजर की टीमों के बीच खेला गया जिसमें एनवाईएस की टीम मुकाबला जीतकर विजयी रही। मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी कविता गंगोला और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी आशीष बजाज ने विजेता व उप विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच वंश कनौजिया जबकि मेन ऑफ द सिरीज दीपक कनवाल वहीं बेस्ट बैट्समैन सैयद रियान, बेस्ट फील्डर रोहित कनवाल तथा बेस्ट बॉलर वंश कनौजिया तथा बेस्ट विकेट कीपर दुर्गेश भट्ट रहे।

### सोमवार के दिन तीन सालों से सत्र आहूत नहीं: नेता प्रतिपक्ष

**नैनीताल ।** सूबे के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा है कि उत्तराखण्ड में सोमवार के दिन तीन सालों से सत्र आहूत नहीं है। वर्तमान में सोमवार का दिन मुख्यमंत्री और संसदीय कार्य मंत्री के लिए तय है। जिनके पास राज्य के 40 के लगभग महत्वपूर्ण विभाग हैं। यानी सोमवार के दिन सत्र आहूत न होने के कारण विधायकगण तथा मुख्यमंत्री और संसदीय कार्यमंत्री से उनके विभागों के प्रश्न नहीं पूछ पा रहे हैं। कहा कि उत्तराखण्ड संभवतया देश का पहला राज्य होगा जहां नेता सदन यानी मुख्यमंत्री और संसदीय कार्य मंत्री को सरकार विधानसभा में अपने विभागों से संबधित प्रश्नों का जबाब देने से बचा रही है। कहा कि अब प्रदेश की जनता को भी विभिन्न माध्यमों से प्रश्न करना चाहिए कि उत्तराखण्ड की विधानसभा में सोमवार का दिन कब आयेगा।



# आर्ट एण्ड क्राफ्ट शिल्प कार्यशाला में दिया प्रशिक्षण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के भीमताल स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डायट) में आर्ट एण्ड क्राफ्ट शिल्प कार्यशाला में सोमवार को तीसरे दिन सभी प्रतिभागी शिक्षकों के द्वारा डा. विनीत बैराठी तथा विशन राम के निर्देशन में बांस तथा रिंगाल तथा पिरूल कि सहायता से विभिन्न वस्तुओं को बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। बता दें कि कार्यशाला 15 से 18 फरवरी (आज) तक कार्यानुभव विभाग जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल नैनीताल द्वारा आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का निर्देशन एनसीईआरटी उत्तराखंड द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला में प्रतिभागी शिक्षकों में रीता सूरी, प्रमिला पाल पिलख्वाल, अनीता पाठक, जया अधिकारी, लक्ष्मी काला, रतन लाल, प्रकाश चन्द्र आर्य, राकेश कुमार, योगेश कुमार, ओम प्रकाश, ललित कुमार, शैलेश कुमार, मंजुली देवी, गणेश सिंह बिष्ट, विपिन चन्द्र आर्य, भावना, गुंजन जोशी, रतन लाल, राकेश कुमार जोशी, मोहम्मद शाबाद, विजय प्रसाद, रवि शंकर तथा ललित शर्मा, पंकज दरमवाल, गीतांजलि गोस्वामी, अनुराग पलडिया, महेश चंद्र काण्डपाल, मोहम्मद सरफ राज अंसारी शामिल हैं जबकि कार्यशाला के समन्वयक हैं प्रवक्ता डा. ज्योतिर्मय मिश्र व मनोज चौधरी हैं।

# होटल शेरवानी हिल टॉप ने चलाया फाई अभियान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

होटल शेरवानी हिल टॉप ने मंगलवार को पॉलिटेक्निक रोड से सत्यनारायण मंदिर तक सफाई अभियान चलाया। इस दौरान मार्केटिंग मैनेजर जेएस बिष्ट ने बताया की शेरवानी होटल द्वारा एक कदम सफाई के तहत समय समय पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है तथा लोगों को जागरूक भी किया गया। होटल द्वारा समय समय पर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया जाता है। सफाई अभियान में लोगों को जागरूक करते हुए बताया की कूड़े को कूड़ेदान में फेंका जाएं, कूड़ा इधर उधर फेंकने से पर्यावरण दूषित होता। पर्यावरण संरक्षण एवं वातावरण को साफ सुथरा रखने के लिए अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को विशेष महत्व देना चाहिए। इस दौरान वित्त प्रबंधक एमपीएस अधिकारी,मैनेजर दिनेश पालीवाल, दीपक चायसर, कृष्णा प्रसाद, गणेश, विजय, कुंदन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# यातायात नियमों के उल्लंघन में 13 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के मल्लीताल क्षेत्र में पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 13 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। बता दें कि नैनीताल में यातायात नियमों के उलंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

लेकिन लोग उसके बाद भी यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। सोमवार को भी सडक़ पर यातायात नियमों का उलंघन होने पर पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालेए नो पार्किंग जोन व सडक़ के किनारे वाहन पार्क करने वालेए बिना हेलमेट दो पहिंया वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मल्लीताल क्षेत्र में यातायात नियमों का उलंघन करने पर 13 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

नगर में सार्वजनिक स्थलों में शराब पीने पिलाने वालों के खिलाफ मल्लीताल पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की है। सोमवार को एसएसआई दीपक बिष्ट ने मल्लीताल गाड़ी पड़ाव समेत मेट्रोपोल, सूखाताल तथा अंडा मार्केट क्षेत्र के रेस्टोरेंट व सुनसान स्थलों में निरीक्षण किया। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों पर कई लोग खुलेआम शराब पीते मिले। जिस पर पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालकों को कड़ी फटकार लगाकर कानूनी कार्रवाई की। दीपक बिष्ट ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों में शराब पीने पिलाने पर 12 लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की गई।

# भारतीय स्टेट बैंक ने स्कूल बस भेंट की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगती सरस्वती विहार नैनीताल को भारतीय स्टेट बैंक की ओर से 32 सीटर स्कूल बस(आयशर) भेंट की गई। यह बस एसबीआई की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के तहत विद्यालय के छात्रों के परिवहन सुविधा को और अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से प्रदान की गई है।

इस विशेष अवसर पर एसबीआई के चीफ जनरल मैनेजर देवाशीष मिश्रा, डीजीएम कृष्ण कान्त, आरएम संजय कुमार और एसजीएम दीनानाथ झा उपस्थित रहे। उन्होंने संयुक्त रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सूर्य प्रकाश को स्कूल बस की चाबी सौंपकर यह महत्वपूर्ण योगदान किया। एसबीआई के सभी कार्यरत सदस्यों ने एसबीआई के ध्वज के साथ स्वागत और अभिवादन कर इस आयोजन को गरिमा प्रदान की।




समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने अपनी विशिष्ट नेतृत्व और दूरदर्शिता से आयोजन को प्रेरणादायी बना दिया। उन्होंने एसबीआई बैंक के उदार सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया और इसे छात्रों के शैक्षणिक और सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान बताया। विद्यालय के प्रबंधक अरुण कुमार अग्रवाल (श्याम जी) ने एसबीआई द्वारा प्रदान की गई इस बस के लिए बैंक की टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रधानाचार्य डा.सूर्य प्रकाश ने विशिष्ट अतिथियों को उर्ध्व वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया और विद्यालय परिवार की ओर से आभार प्रकट किया। नवप्राप्त बस का स्वागत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश नेगी, उपाध्यक्ष प्रो. अजय अरोरा, कोषाध्यक्ष विपिन अग्रवाल तथा समिति के अन्य सदस्यों ने बैंक टीम को धन्यवाद दिया।

# अभिमत

## सबक लेने की जरूरत

***घुसपैठिये सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से समस्या उत्पन्न करते हैं। अमेरिका ने अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को वापस भेजा तो वामपंथी और कथित उदारवादी केन्द्र सरकार की आलोचना करने लगे। सिर्फ और सिर्फ केन्द्र सरकार का विरोध करने का बहाना तलाशने वालों को देशहित व जनहित से कोई लेना-देना नहीं है। चुनाव के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट तौर पर कहा था कि राष्ट्रपति बनते ही घुसपैठियों को अमेरिका से निकाला जायेगा। भारत को भी इससे सबक सीखना चाहिए।***

घुसपैठ गंभीर वैश्विक समस्या है। किसी भी देश की सरकार अवैध तौर पर रहने वाले दूसरे देश के लोगों को बर्दाश्त नहीं कर सकती है। घुसपैठिये सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से समस्या उत्पन्न करते हैं। अमेरिका ने अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को वापस भेजा तो वामपंथी और कथित उदारवादी केन्द्र सरकार की आलोचना करने लगे। सिर्फ और सिर्फ केन्द्र सरकार का विरोध करने का बहाना तलाशने वालों को देशहित व जनहित से कोई लेना-देना नहीं है। चुनाव के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट तौर पर कहा था कि राष्ट्रपति बनते ही घुसपैठियों को अमेरिका से निकाला जायेगा। भारत को भी इससे सबक सीखना चाहिए। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में घुसपैठियों के कारण स्थिति गंभीर होती जा रही है। असम और पश्चिम बंगाल में सामाजिक ताना-बाना और जनसंख्या का चरित्र प्रभावित होने से कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो गई है। अमेरिका से वापस भेजे गये भारतीय अवैध रूप से रह रहे थे। उनके अभिभावक स्वीकार कर रहे हैं कि जमीन बेचकर दलालों को लाखों रुपये दिये थे। दलालों ने सपने दिखाये थे कि उनके बेटों का भविष्य अमेरिका में सुधर जायेगा। अमेरिका में ज्यादा वेतन पर नौकरी मिलेगी। इसी तरह शिक्षा माफिया भारत में सक्रिय हैं। भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाने वाले छात्रों को विदेश में डाक्टरी, इंजीनियरिंग तथा अन्य पढ़ाई के लिए सम्पन्न वर्ग के परिवार भेजते हैं। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ने पर भारत के सैकड़ों छात्र यूक्रेन में फंस गये थे। केन्द्र सरकार ने अथक प्रयास से छात्रों को युद्धग्रस्त क्षेत्र से सुरक्षित निकाला था। दलालों के माध्यम से विदेश में पढ़ाई के लिए जाने वाले भी अवैध की श्रेणी में आते हैं। विदेश में नौकरी दिलाने और पढ़ाई करवाने के नाम पर दलाल ठगी कर रहे हैं। मीडिया में आये दिन ठगी के मामले सुर्खियां बनते हैं। भारत में घुसपैठ करने वाले दलालों के माध्यम से नहीं आते हैं। पश्चिम बंगाल, असम और पूर्वोत्तर राज्यों में पड़ोसी देशों का गरीब तबका तथा अपराधी घुसपैठ करते हैं। बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बाद पश्चिम बंगाल आने वाले छात्र नहीं हैं। रोजगार की तलाश में भी नहीं आ रहे हैं। भारत में घुसपैठ करने वाले अपराधी, जेहादी और समुदाय विशेष के लोग हैं। भारत की केन्द्र और राज्य सरकारें डोनाल्ड ट्रंप की तरह सख्त रवैया अख्तियार करते हुए घुसपैठियों को चुन-चुनकर देश से भगायें, तो राष्ट्रहित में होगा।

# दिनेश गुरुरानी को तीसवी बार महासंघ अध्यक्ष चुना

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**



संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊँ मंडल विकास निगम के सोमवार को नैनीताल में हुए चुनाव में दिनेश गुरुरानी को तीसवीं बार निर्विरोध महासंघ का अध्यक्ष चुना गया। दूसरी ओर महामंत्री पद के लिए लगातार दूसरी बार कंचन चंदोला को कमान सौंप गई वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कपकोटी, गौतम कुमार तथा पीतांबर दुमका चुने गए जबकि कोषाध्यक्ष पद की अहम जिम्मेदारी तारा दत्त भट्ट को सौंपी गयी।


इसके अलावा मंजुल प्रकाश सनवाल, रमेश चंद्र पंत, संतोष पंत,विक्रम साह,दीपक पांडे व गंगोत्री बिष्ट को उपाध्यक्ष के साथ ही रवि साह,शीला साह,संतोष बिष्ट व नीता आर्या को सचिव पद की जिम्मेदारी सौपी गयी जबकि संगठन के संयोजक की जिम्मेदारी दिनेश सांगुड़ी व गुमान सिंह कुमटिया को सौपी गयी। इसी क्रम में निखिलेश बिष्ट,विपिन खुल्वे,कमला धानिक, धर्मानंद जोशी, अरविन्द नेगी, मनोहर लाल व रमेश राम को संगठन मंत्री जबकि प्रचार मंत्री का दायित्व क्रमशःगणेश राम, कैलाश आर्य, प्रहलाद मनराल, भरत पंत, जानकी आर्या, सुंदर गिरी, महेंद्र कुमार व पवन चौधरी को सौपा गया। नव नियुक्त कार्यकारिणी द्वारा सोमवार को पौधारोपण आंदोलन के 227 वें दिन निगम मुख्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊँ मंडल विकास निगम के 30वीं बार अध्यक्ष बने दिनेश गुरुरानी के मुताबिक यह राज्य में एक रिकॉर्ड है। बताया कि वर्ष 1995 से अब तक बीते 30 वर्षों से वह कर्मचारियों का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कुमाऊं मंडल विकास निगम के सभी कर्मचारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए सहयोग और प्रेम से वह लगातार 30 वर्षों से कर्मचारी संगठन का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियमितीकरण की मांग को लेकर विगत 227 दिन से लगातार राज्य में उनके नेतृत्व में अनूठा पौधारोपण आंदोलन चल रहा है। जिसके तहत अब तक 40000 से ज्यादा पौधों का रोपण किया जा रहा है ,जो राज्य ही नहीं अपितु देश में भी एक रिकॉर्ड है। एक संदेश देश में जा रहा है कि कोई कर्मचारी संगठन अपनी मांगों को लेकर प्रकृति संरक्षण के लिए कार्य कर रहा है। वहीं लगातार दूसरी बार महामंत्री बने कंचन चंदोला ने कहा कि कर्मचारियों ने लगातार दूसरी बार उन पर जो भरोसा जताया है उसके लिए वह उनका तले दिल से आभार जताते हैं। कहा कि संगठन के बैनर तले एकजुट होकर कर्मियों की हर समस्या का प्राथमिकता से समाधान उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

## केन्द्रीय खनन महानिदेशक को अदालत में पेश होने को कहा

**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बागेश्वर में खड़िया खनन के चलते मकानों में आयी दरार को लेकर दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केन्द्रीय खनन महानिदेशक को सोमवार (24 फरवरी) को अदालत में पेश होने को कहा है। बता दें कि इस मामले में दायर पांच जनहित याचिकाओं पर सोमवार को मुख्य न्यायाधीश के नरेन्द्र और वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की युगलपीठ में सुनवाई हुई। पीसीबी की ओर से कहा गया कि बागेश्वर जनपद में कुल 160 लीजधारकों को खड़िया खनन की अनुमति दी गयी हैं, इनमें से 104 वर्तमान में संचालित हैं जबकि बाकी 56 बंद हैं। इनमें से 104 के संचालन की अनुमति को निलंबित कर दिया गया है। अदालत ने खड़िया खनन में भारी मशीनों और गाइड लाइन के उल्लंघन के मामले को सख्ती से लेते हुए केन्द्रीय खनन महानिदेशक को सोमवार (24 फरवरी) को अदालत में पेश होने को कहा है।

## जनसमस्याओं को लेकर पालिका में बैठक आयोजित

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**



नगर पालिका परिषद सभागार में सोमवार को पालिका क्षेत्रांतर्गत जनसमस्याओं को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल और सभासदों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें शहर की समस्याओं और उनके निस्तारण को लेकर विस्तार से विचार विमर्श किया गया।

बैठक में सबसे पहले अपरमाल वार्ड के सभासद पूरन सिंह बिष्ट को पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने सभासद पद की शपथ दिलाई जिसके बाद पालिका के सभासदों ने अपने अपने वार्ड की समस्याएं विभागीय अधिकारियों को बताई और उनके निस्तारण करने की मांग करी। विभागीय अधिकारियों की ओर से समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वाशन दिया गया। इस दौरान सभी वार्ड मेंबरों की ओर से अपने क्षेत्र में पानी, बिजली, सीवर और सड़क के गड्ढों आदि की समस्या के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल समेत सहायक अभियंता जल संस्थान दलीप सिंह बिष्ट, अवर अभियंता जीएस जनौटी, डीडी सती,जेई विपिन चंद्रा, शुभम कुमार, एसआई दीपक बिष्ट, विपिन कुमार समेत सभासद शीतल कटियार, गजाला कमाल, काजल आर्य, सपना बिष्ट, जीतेन्द्र पांडे, मुकेश जोशी, गीता उप्रेती, राकेश पवार, पूरन बिष्ट, मनोज साह जगाती, भगवत रावत, अंकित चंद्रा, सुरेंद्र कुमार, हिमांशु चंद्रा, शिव राज सिंह नेगी, समेत अमन महाजन, दिनेश कनवाल समेत विभिन्न विभागों के लोग मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## 12 साल से अकेले ही जन्मदिन मना रही हैं गोविंदा की पत्नी



*गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने अपने जन्मदिन मनाने के तरीके और पति गोविंदा से होने वाले झगड़ों को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि वे अपना जन्मदिन अकेले ही मनाना पसंद करती हैं। बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा अक्सर अपने किस्सों और बातों के कारण चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने कामिया जानी के साथ कर्ली टेल्स को दिए इंटरव्यू में अपनी ही कुछ आदतों को लेकर बात की है। सुनीता ने अपने पति गोविंदा को लेकर भी कुछ दिलचस्प खुलासे किए हैं। सुनीता आहूजा ने बताया कि उन्हें शराब से बहुत प्यार है। घर पर उनकी पसंदीदा जगह बार काउंटर है, जहां वह अपनी पसंदीदा ड्रिंक का आनंद लेती हैं। सुनीता ने बताया कि गोविंदा अक्सर लोगों से कहते हैं कि उनके घर में एक धरम जी हैं, जो उनके ड्रिंक के प्रति प्यार का जिक्र करता है। सुनीता आहूजा ने कहा कि मैं हर दिन नहीं पीती, केवल रविवार को। यह मेरा चीट डे है। सुनीता ने बताया कि वे पिछले 12 सालों से अकेले ही अपना जन्मदिन मना रही हैं। कई लोग दोस्तों और परिवार के साथ जश्न मनाना पसंद करते हैं, लेकिन वो अपने खास दिन को अकेले ही मनाना पसंद करती हैं।*

### ऐसे बिताती हैं अपना खास दिन

*सुनीता ने कहा कि ये सारे साल मैंने अपने बच्चों को दे दिए, अब मैं अपने लिए जीना चाहती हूं। सुनीता आहूजा ने कहा कि वे अपना खास दिन मंदिर या किसी गुरुद्वारे में प्रार्थना करके शुरू करती हैं, फिर जैसे ही घड़ी में रात के 8 बजते हैं, वह शराब की बोतल खोलती हैं, केक काटती हैं और अकेले ही शाम का आनंद लेती हैं। सुनीता आहूजा ने अपने इंटरव्यू में बताया कि गोविंदा से उनकी पहली मुलाकात हुई थी, जब वे 9वीं कक्षा में थीं, दोनों में बहुत झगड़े होते थे। गोविंदा ने एक बार उनसे कहा कि बॉब कट के कारण वे टॉमबॉय जैसी लगती हैं। सुनीता ने बताया कि इसके बाद मैंने बालों में तेल लगाना शुरू कर दिया, मेरे बाल घुटनों तक बढ़ गए थे।*

## युवा कलाकारों ने रागों पर आधारित होली का गायन किया

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**



रंगों का पर्व होली का त्यौहार अब नजदीक आता जा रहा है तो देवभूमि कुमाऊं में इन दिनों प्रसिद्ध बैठकी होली अपने पूरे सबाब में नजर आ रही है। ज्योलीकोट में देर शाम से कथावाचक गौरांग रघु महाराज के आवास इजावास्यम में बैठकी होली के आयोजन में वरिष्ठ और युवा कलाकारों ने रागों पर आधारित होली का गायन का दौर शुरू किया तो रात भर संगीत राग और आलापों के बीच प्रात: में ही समापन हुआ।

बैठकी होली के विशेषज्ञ कलाकार प्रभात साह गंगोला ने राग काफ ी में मत मारो मोरे नैनन में गुलाल कन्हैया--- से शुभारंभ किया। युवा कलाकार नरेश चमियाल ने रंग बसंती बाना,पहन मेरे अंगना आना--- हेमंत त्रिवेदी ने मेरा छोड़ दे दुपट्टा,सवेरे दधि ले के आऊंगी--- जबकि हेम पांडे ने फ ागुन में चुनर हमारी रंगा दीजो--- जबकि प्रभात साह गंगोला ने लगन बिन को जागे सारी रात के साथ अन्य होल्यार कलाकारों ने राग जंगला काफ ी तथा भैरवी व राग तिलंग, तिलक कामौद व खमाज आदि में होली का गायन किया इससे पहले आयोजक रघु ने सभी होलियारों का सम्मान करते आभार व्यक्त किया।

इस दौरान राजेंद्र कोठारी, दिवाकर पांडे,कैलाश जोशी,सुभाष पांडे,गौरव बिष्ट, गौरव कुमार, स्मित तिवारी,प्रभात पांडे, चंदन जोशी, नीरज सती,यश शर्मा, रवि पांडे, दीपक मेलकानी, जीवन अधिकारी तथा हीरा सिंह जीना आदि उपस्थित थे।

## News कॉर्नर

### अखाड़ा कमेटी व मुहर्रम कमेटी के उस्ताद अब्दुल अली का निधन

**नैनीताल** । अखाड़ा कमेटी व मुहर्रम कमेटी के सरप्रस्त उस्ताद अब्दुल अली ने लगभग 102 साल की उम्र में रविवार की रात 10.15 बजे अंतिम सांस ली,वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके इंतेकाल से मुहर्रम कमेटी को बहुत हानि पहुंची हैं, उनके इंतेकाल की खबर सुनते ही शहर में शोक छा हो गया और उनके घर पालीटेक्निक पर लोगो का शोक संवेदना देने के लिए ताता लगने लगा। वह अपने पीछे भरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके इंतेकाल से मुहर्रम कमेटी ने गहरा दु:ख जताया है। उनका जनाजा बाद नमाजे जौहर की नमाज के बाद को बारापत्थर स्थित कबरस्तान मे सुपुर्द खाक किया गया उनके अंतिम सफ र में नैनीताल की मुहर्रम कमेटी, मोला अली कमेटी, जश्न ए मिलादुन नबी कमेटी, अंजुमन इस्लामिया, गुलशने गोहरण के सभी सदस्य शामिल हुए। मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नाजिम बक्श, समीर अली समेत अन्य कमेटी के पदाधिकारियों ने उनके निधन पर दु:ख जताया है।

### प्रतिमा हटाने व पोस्ट ऑफिस ध्वस्तीकरण मामले में 19 फरवरी को स्थिति स्पष्ट करें

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल के तल्लीताल चौराहे से महात्मा गांधी की पुरानी प्रतिमा को हटाने व हैरिटेज पोस्ट ऑफिस को ध्वस्त करने तथा लकड़ी टाल के पास बलियानाला के ऊपर भारी भरकम पार्किंग बनाने की जिला प्रशासन की योजना के खिलाफ दायर प्रो. उमा भट्ट की जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) व कार्यदायी संस्थाओं से 19 फरवरी (बुधवार) को स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। दूसरी ओर अब मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी (बुधवार) को होगी। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश जी.नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ में याचिका की सुनवाई हुई।

# अध्यक्ष की किसानों से ग्रीष्मकालीन धान के वैकल्पिक फसलों के उत्पादन की अपील

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता



ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प में मक्का, गन्ना, दलहन व सब्जी, बागवानी अपनाने को लेकर उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू मंडी निदेशालय सभागार में मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्षा कम होने के कारण लगातार भूजल में गिरावट आ रही है। ग्रीष्मकालीन धान से पानी का दोहन अधिक होता है जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। वैज्ञानिकों की राय के अनुसार ग्रीष्मकालिन धान को न लगाकर उसके विकल्प के रूप में मक्का, गन्ना, दलहन, सब्जी, बागवानी उत्पादन कर पानी के दोहन का कम किया जा सकता है व किसानों की आय भी वृद्धि की जा सकती है। अध्यक्ष ने विपक्षियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह सकारात्मक सोच रखें और सरकार की योजनाओं की सही जानकारी किसानों को दें। किसानों को गुमराह न करें। उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड अध्यक्ष डब्बू ने कहा कि किसान संगठनों व किसानो के साथ पूर्व में कई बैठके कर ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप मक्का, गन्ना, दलहनी फसले उत्पादन पर सहमति जताई गयी थी। किसान सकारात्मक सोच के साथ ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप में मक्का, गन्ना अन्य फसलों का उत्पादन करें, प्रत्येक किसान का शतप्रतिशत गन्ना व मक्का की खरीद की जायेगी, इसके लिए मां शीतला वैचर्स के साथ किसानों का अनुबन्ध भी कराया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप में मक्का, गन्ना, दलहनी फसलों का उत्पादन करें, सरकार उनके साथ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश है कि ऐसे क्षेत्र जहां ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों का उत्पादन नही हो सकता है, ऐसे क्षेत्रों हेतु कृषि विभाग व एसडीएम द्वारा सर्वे के उपरांत अनुमति प्रदान की जा रही है। किसानों को वैकल्पिक फसलों के उत्पादन हेतु ब्लांक, ग्राम स्तर पर जागरूकता गोष्ठियों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण भी किया जा रहा है।मुख्यमंत्री राज्य कृषि विकास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 तक के लिए 6.8 करोड़ की स्वीकृति भी प्राप्त हो गयी है। उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड अध्यक्ष डब्बू ने कहा कि भारत व राज्य सरकार किसानों की आय दुगनी करने के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए किसान बन्धु किसी के बहकावे में न आये। साकारात्मक सोच के साथ वैकल्पिक फसलों को अपना कर अपनी आय में वृद्धि करें। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक फसलों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जायेगा। इस दौरान मुख्य कृषि अधिकारी डॉ अभय सक्सेना मौजूद थे।

# विधायक से 3 करोड़ मांगने वाले फर्जी कॉल की हो जांच

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

**मांग**
- विधायक ने शक जताया पार्टी के शीर्ष नेतृत्व व उनकी छवि को बदनाम करने की हो सकती है साजिश
- पुलिस ने एक व्यक्ति को दिल्ली से उठाया

विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि बीती 13 फ़रवरी को उनको एक फ़ोन पर कॉल आती है, वह उस दौरान काशीपुर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ दिव्य ज्योति जगर्ति संस्थान के कार्यक्रम में शामिल होने गये थे। तभी कॉल पर व्यक्ति स्वयं को जय लाल शाह बताता है।जब पूछा कौन जय लाल तो वह बोलते है गृह मंत्री अमित शाह का सपुत्र जय लाल शाह फिर यह सुन के वह सचेत होकर बात करते है। उन्होंने बताया कि उनकी उस फर्जी काल करने वाले के साथ 15 मिनट वार्ता होती हैं । विस्तृत वार्ता के पीछे विषय की गंभीरता थी चूकि वह व्यक्ति पार्टी के शीर्ष नेतृत्व देश के गृह मंत्री अमित शाह राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का नाम ले रहा था। जिसको देख लग रहा था इसके पीछे कोई राष्ट्रीय षड्यंत्र, विपक्षीयों को सजिश हो सकती है। इसको देखते हुए सहजता से वार्ता कर उसी मंशा को जाने की कोशिश की, जिसमें वह काफ़ी प्रकार की बात करते हुऐ अंत में बोलता है कि आपका नाम मंत्री पद कि दौड़ में है वह गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से वार्ता कर अपना नाम आगे बढ़ा देगा। वह समझदारी से काम लेते हुऐ बोलते है कि मुझे क्या आदेश है तो वह थोड़ा रुक के बोलता है।3 करोड़ अगले दो दिन में दिल्ली आकर देने है। विधायक ने बताया कि काल करने वाले ने बोला हम एक व्यक्ति का नाम और फोन नंबर देंगे उसको वह रूपये देने है और अगले दो दिन में मन्त्रीमंडल विस्तार होना है। जब गृहमंत्री अमित शाह से बात करवाने की बात कही तो इस पर वह घुमाने लगा। वह व्यस्त रहते है मुझे बोला है बात करने को।? बाद में समझ आता है यह फर्जी कॉल है इसके पीछे पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को बदनाम करने कि गहरी सजिश है। अंतराष्ट्रीय गिरहो,कोई बड़ा नेटवर्क हो सकता है। उन्होंने इस घटना की जानकारी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को दी। सीएम ने तत्काल एसएसपी को इस मामले को गंभीरता से जांच करने को कहा। विधायक ने बताया कि एसएसपी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाना पुलिस को जांच के निर्देश दिए। विधायक के मुताबिक पुलिस ने एक व्यक्ति को दिल्ली से हिरासत में लिया है। हालांकि विधायक इसको सामान्य घटना या साइबर ठगी न मानते हुऐ इसके पीछे कोई गहरी सजिश या भाजपा शीर्ष नेतृत्व वह उनकी व्यक्तिगत छवि को बदनाम करने षड्यंत्र हो सकता है। विधायक ने स्पष्ट कहा कि इसकी गहनता से जांच होनी चाहिए। ताकि इस घटना के पीछे कौन मास्टरमाइंड है।खुलासा होना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटना किसी अन्य के साथ न हो। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

# धोखाधड़ी से संपत्ति हड़पने का आरोप

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

एक व्यक्ति ने न्यायालय में धोखाधड़ी और संपत्ति हड़पने का मामला दायर किया है। सासनी जिला हाथरस यूपी निवासी रामनिवासने न्यायालय में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि उनके भवन को बिना अनुमति के जबरन कब्जा कर लिया गया है।

रामनिवास के मुताबिक, उन्होंने 1981 में हल्द्वानी के तल्ली बमौरी क्षेत्र में स्थित एक भूखंड को खरीदा था और 1991 में इसे भवन निर्माण के लिए स्वीकृत कराकर वहां रह रहे थे। लेकिन 2004 में शहर में आर्थिक संकट के कारण उन्होंने अपना घर छोड़ दिया और अपने मित्र विजय पाठक को घर की देखरेख के लिए कह दिया। जब रामनिवास ने 2024 में अपने घर की स्थिति देखने के लिए हल्द्वानी वापस लौटे, तो उन्हें यह पता चला कि उनके भवन में एक व्यक्ति राज बहादुर बिना अनुमति के रह रहा था। बाद में पता चला कि इस व्यक्ति ने राजेश्वरी पाठक के साथ मिलकर एक फर्जी इकरारनामा तैयार किया था, जिसके जरिए उन्होंने रामनिवास के भवन पर कब्जा कर लिया। रामनिवास ने यह भी आरोप लगाया कि राजेश्वरी और उनके बेटे विजय पाठक ने मिलकर उनके फर्जी हस्ताक्षर कराए और 2004 के फर्जी इकरारनामे के जरिये भवन हड़प लिया। इसके अलावा, उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि फर्जी दस्तावेजों के जरिए नगर निगम में आवेदन देकर राज बहादुर ने भवन का स्वामित्व अपने नाम पर करवा लिया। रामनिवास ने 25 जुलाई 2024 को हल्द्वानी पुलिस और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने बिना किसी जांच के इसे सिविल मामला मानते हुए कोई कार्रवाई नहीं की। जब रामनिवास ने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी, तो पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

# क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल का शुभारंभ

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

जिले के भवाली में सोमवार को युवा एकता मंच की ओर से कराए जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में बतौर मुख्य अतिथि नगर की वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री खष्टी बिष्ट एवं सामाजिक कार्यकर्ता एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पांडे ने रिबन काटकर सेमीफाइनल का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि खष्टी बिष्ट एवं नरेश पांडे ने खिलाडियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से जहां युवाओं को अपने प्रतिभा मनवाने का एक अवसर लगातार चार वर्षों से भवाली में युवा एकता मंच द्वारा किया जा रहा है, यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। मंगलवार (आज) खेले जाने वाले फाइनल मैच में पहली टीम पुलिस चांदनी क्लब एवं दूसरी टीम नगर पालिका भवाली को अतिथियों ने अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शुभम कुमार एवं कबीर साह ने बेहतरीन संचालन किया और बैज लगाकर अतिथियों का स्वागत किया।

## फायरिंग करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर।** चुनावी रंजिश के चलते दो पक्ष के बीच मारपीट व फायरिंग के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पिस्टल और जिंदा कारतूस भी बरामद हुई है। नगर निगम क्षेत्र के खड़कपुर देवीपुरा में वार्ड पार्षद के चुनाव को लेकर दो पक्ष के बीच रंजिश चल रही थी। सत्यम पैलेस के पास प्रॉपर्टी डीलर राजेंद्र कुमार का आवास है। उनका आरोप था कि चुनावी रंजिश को लेकर पार्षद अभिषेक उनसे रंजिश रखता है।

# विधायक को मंत्री बनाने की एवज में फंड की रिमांड

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या से मंत्री बनाने की बात कहकर फंड मांगने का मामला सामने आया है। अज्ञात ठगों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बेटा बनकर विधायक को कई फोन किए। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दें कि विधायक सरिता आर्य के जनसंपर्क अधिकारी सी.एस. गरवाल ने तल्लीताल थाने में तहरीर देते हुए कहा है कि बीते 13 फरवरी (वीरवार) को विधायक सरिता आर्या को एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बेटा जय साह बताया। जिसने विधायक को मंत्री बनाने की बात कही। अज्ञात व्यक्ति की ओर से कहा गया कि मणिपुर में व्यस्तता के कारण पापा अमित शाह व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व्यस्त हैं। जिस कारण उत्तराखंड के निर्णय लेने की जिम्मेदारी उनको सौंपी है। कहा कि राष्ट्रीय खेलों के समापन के लिए गृहमंत्री हल्द्वानी आ रहे हैंए तब तक आप दिल्ली आ जाएं। कार्यालय में पार्टी फंड जमा करने के बाद 14 फरवरी की शाम केंद्रीय मंत्री व राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ उनकी बैठक आयोजित की जाएगी। जिस पर विधायक को ठगी का अहसास हुआ। सरिता आर्य के जनसंपर्क अधिकारी ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ सम्बंधित धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पालिका सभासद को पालिकाध्यक्ष ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नगर पालिका परिषद के अपर माल वार्ड के पालिका सभासद पूरन सिंह बिष्ट को सोमवार को नगर पालिका परिषद की पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी।

बता दें शपथ ग्रहण समारोह के रोज सभासद पूरन सिंह बिष्ट घर में विशेष धार्मिक आयोजन होने के चलते शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हो पाए थे। सोमवार को पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने सभासद बिष्ट को पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी,और बाद में उन्हें बधाई दी। इस मौके पर मौजूद सभी पालिका के सभासदों व पालिका के अधिकारियों व कर्मियों ने भी बिष्ट को बधाई दी।

इस मौके पर पालिका के सभासदों सहित भाजपा के मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट समेत अरविन्द सिंह पडियार, भूपेंद्र सिंह बिष्ट व उमेश भट्ट,रिंकी पवार आदि सभासद बिष्ट के शुभचिंतक मौजूद थे।

# खेलों इंडिया नार्थ जोन पेंचक सिलाट लीग-2025 में उत्तराखंड टीम का श्रेष्ठ प्रदर्शन

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता




**खेलकूद**
- बेहतरीन प्रदर्शन के कर महिला खिलाड़ियों ने जीती 1 लाख 60 हज़ार रुपय की धनराशि

10 से 13 फरवरी 2025 तक स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ़ इंडिया (साई) एवं उत्तर प्रदेश पेंचक सिलाट संघ के तत्वावधान में प्रथम खेलों इंडिया नार्थ जोन पेंचक सिलाट वोमेंस लीग का आयोजन एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम आगरा उत्तर प्रदेश में किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि बबीता सिंह अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, विशिष्ट अतिथि अनुपमा कुलश्रेष्ठ (एडीजी) आगरा जोन पहुँचे। उन्होंने उत्तर भारत के 8 राज्यों के 500 से अधिक खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों से परिचय कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पेंचक सिलाट संघ उत्तराखण्ड के महासचिव बबलू दिवाकर ने बताया कि खेलोंइंडिया नार्थ जोन पेंचक सिलाट वोमेंश लीग 2025 यह पहला संस्करण था। जिसमें नार्थ जोन के सभी राज्यों की महिला खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में श्रेष्ट प्रदर्शन करते उत्तराखण्ड महिला टीम के खिलाड़ियों ने 14 स्वर्ण 11 रजत एवं 16 कांस्य पदक के साथ टोटल 41 मेडल के साथ उत्तराखण्ड प्रदेश की महिला टीम ने श्रेष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्तराखंड टीम के मुख्य कोच रोहित एवं महिला कोच सारिका पटेल को नियुक्त किया गया था

प्रत्येक पदक विजेता खिलाड़ी को स्वर्ण पदक अर्जित करने पर 6000 रुपए राजत पदकअर्जित करने पर 4000 रुपए एवं कांस्य पदक अर्जित करने पर 2000 की धन राशि स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (साई) के माध्यम से खिलाड़ियों के बैंक खाते में डाली जाएगी। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर पेंचक सिलाट संघ ऊधम सिंघ नगर के अध्यक्ष मनोज राजहंस पेंचक सिलाट संघ उत्तराखंड की अध्यक्ष केवल किशन भारती ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।